भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5431**

05 अप्रैल, 2022 को उत्तरार्थ

**विषय: सहकारी समितियों की क्षमता का उपयोग**

5431. श्री सौमित्र खान:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की देश के सभी भागों में सहकारी क्षेत्र की क्षमता के प्रभावी उपयोग के लिए एक रूपरेखा विकसित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या सरकार का निकट भविष्य में ऐसी कोई योजना तैयार करने का विचार है, तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार की पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर पूर्वी राज्यों जैसे कुछ राज्यों में कोई विशिष्ट योजना है, जिनसे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए डेयरी, चीनी आदि जैसे क्षेत्रों में सहकारी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए शुरुआती लाभ मिले है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

**(क) से (घ):** सरकार का लक्ष्य "सहकार से समृद्धि" के मंत्र के माध्यम से देश में समग्र समृद्धि प्राप्त करना है। इसे प्राप्त करने के लिए, सरकार ने देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए एक अलग प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा प्रदान करने के लिए नया सहकारिता मंत्रालय बनाया है। इसका उद्देश्य सहकारिता को जमीनी स्तर वाले एक सच्चे जन-आधारित आंदोलन के रूप में गहरा करना है और एक सहकारिता आधारित अर्थव्यवस्था मॉडल विकसित करना है जहां प्रत्येक सदस्य जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करता है।

सरकार ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, सहकारी संघों आदि सहित विभिन्न हितधारकों के परामर्श से एक नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति और नई योजनाओं को तैयार करने के लिए कदम उठाए हैं। इस प्रश्न के भाग (ग) में उल्लिखित राज्यों और क्षेत्रों सहित देश के सहकारी क्षेत्र को दिशा और गति मिलेगी।

*****